उपस्थित होने कहा है।

**स्वच्छता... गली, सड़क व तालाब की सफाई में जुटे शिविरार्थी**

**डौंडी**|शासकीय कंगला मांझी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने कामता में सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन सुबह 5 बजे से प्रभातफेरी कर नारे के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। परियोजना कार्य किया जा रहा है। पंचायत भवन, स्कूल, गली, सड़क, तालाब की सफाई कर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित कर रहे हैं। परियोजना कार्य में भारत माता वाहिनी, महिला कमांडो का सहयोग रहा। दोपहर में होने वाले बौद्धिक परिचर्चा में वन विभाग, कृषि विभाग, परियोजना विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहे हैं। दूसरे दिन कृषि विभाग के अधिकारी प्रणेश शर्मा ने हरित क्रांति विस्तार योजना, किसान समृद्धि, शाकम्भरी योजना, श्रीविधि योजना, जैविक खेती मिशन के बारे में जानकारी दी।

**ये है आपकी खबरों का कॉलम**

इस कॉलम के लिए आप भी हमें खबर, आयोजन की जानकारी और फोटो भेज सकते हैं। **हमारा वाट्सएप नंबर** बालोद : 9425561090, दल्लीराजहरा : 9300777101, डौंडीलोहारा : 9425568753

# कामता में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर शुरू

पत्रिका दैनिक भास्कर 31/10/17



**शिविर...** ग्राम कामता में लगे शिविर को संबोधित करते वक्ता।

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**डौंडी**. शासकीय कंगला मांझी कॉलेज से राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर ग्राम कामता में लगाया गया है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि पियूष सोनी एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ. यूके मिश्र उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत के सरपंच धनसिंग नायक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर 03/11/17

**आयोजन... छात्रों का आधार कार्ड बनाने शिविर 6 से**

**डौंडी**|स्कूल छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड बनवाने के लिए 6 और 7 नवंबर को डौंडी और दल्लीराजहरा के स्कूलों में दो दिवसीय शिविर लगेगा। एबीईओ शैलेश देवांगन ने बताया कि ब्लॉक के कई स्कूलों के 415 छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड नहीं बना है। इसके लिए 6 व 7 नवंबर को डौंडी के बालक हायर सेकंडरी व दल्लीराजहरा के नेहरू मिडिल स्कूल में शिविर लगाया जाएगा।

**एनएसएस... कामता में सात दिवसीय शिविर का समापन**

**डौंडी**|शासकीय कंगला मांझी कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस का समापन गुरुवार को हुआ। मुख्यअतिथि अनिता कुमेटी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत किए गए कार्य से यहां के बच्चों व युवाओं में एक नया रंग लाएगा। महिला सशक्तिकरण के लिए भी काम किया। प्राचार्य यूके मिश्र ने कहा कि शिविर के माध्यम से कालेज के छात्र-छात्राओं स्वच्छता को लेकर जागरूक किया।

M.S.S. 20 नवम्बर 19

# स्वयं सेवकों ने 7 दिन तक नाली, सड़क, स्कूल, तालाब और गौठान की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

भास्कर न्यूज | डौंडी

शाकीय कंगला मांझी कालेज डौंडी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर का समापन ग्राम खैरवाही में गुरुवार को हुआ। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य शिवगिरी चुरेन्द्र थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.यूके मिश्र ने की । कार्यक्रम की शुरूआत राजकीय गीत अरपा पैरी के धार से हुआ। विशेष अतिथि प्रधान पाठक बीके छेदैया ने कहा कि डौंडी कालेज के छात्रों ने सात दिनों तक अनुशासन में रहकर विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया। जनपद सदस्य चुरेन्द्र ने कहा कि शिविर में परियोजना कार्य गांव की गलियों,नालियों, सड़क,पंचायत भवन,स्कूल प्रांगण,तालाब व गौठान के आसपास सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया है। साथ ही नाडेप गड्ढे का भी निर्माण किया ताकि कचरे को इधर-उधर ना फेके। कार्यक्रम अधिकारी वीके कोमा ने बताया कि शिविर के दौरान परियोजना कार्य के साथ गीत, नृत्य,संगीत व नाटक के माध्यम से नवाचार व सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। इस मौके पर परन सिंह लेड़िया, अनारू राम मंडावी, सुरेश मालेकर के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र उपस्थित थे।

## गीता जयंती कुसुमकसा में 8 दिसंबर को मनेगा

डौंडीलोहारा|कोसरिया राउत (यादव) समाज सर्किल डौंडीलोहारा के तत्वावधान में गीता जयंती समारोह कुसुमकसा में 8 दिसंबर को मनाया जाएगा। सर्किल डौंडीलोहारा के कार्यकारी अध्यक्ष गोपी यादव,उपाध्यक्ष रामजीवन यादव , कोषाध्यक्ष रामाधार यादव, महामंत्री सुरेश यादव, संगठन मंत्री घनश्याम यादव, सचिव श्रवण यादव, सहसचिव निरंजन यादव ने बैठक में उपस्थित होने कहा है।

# स्वयं सेवकों ने गोद ग्राम खैरवाही के स्कूली बच्चों का किया सम्मान



डौंडी. गोद ग्राम खैरवाही में शासकीय कॉलेज के एनएसएस के छात्र-छात्राएं।

**भास्कर न्यूज** | डौंडी

शासकीय कंगला मांझी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने प्राचार्य डॉ. यूके मिश्र के मार्गदर्शन व व्हीके कोमा के नेतृत्व में गोद ग्राम खैरवाही में स्कूल के बच्चों का सम्मान किया।

बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता हुई। दौड़ 200 मीटर में प्रथम रूस्तम, द्वितीय रीतिका, जलेबी दौड़ में प्रथम स्थान डालिमा, द्वितीय दुर्गेश्वरी, गोला फेंक में प्रथम स्थान हिरेन्द्र कुमार, द्वितीय नवोदय रहे। खेलकूद के बाद प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य शिवगिरी चुरेन्द्र ने कहा कि बच्चे कल के भविष्य हैं और मैं इनके उज्जवल भविष्य के कामना करता हूं। ये बच्चे इसी तरह जिंदगी में आगे बढ़ते रहे। प्रधानपाठक रजमत मसियारे, एस खोब्रागढ़े, प्रतिभा राजपूत, लखेश्वरी कोलियारे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक ओमकार, रूखमणी, नाहिद खातुन, शशिकला, ज्योति, नीलम, कविता, सोहन लाल, मुकेश, ईशु मानकर, खिलावन, महेन्द्र उपस्थित थे। इस दौरान स्वयं सेवकों ने बच्चों को बेहतर पढ़ाई के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

21/12/18

# सल्हाईटोला के रासेयो शिविर में लोगों को स्वच्छता के लिए किया जागरूक

भास्कर न्यूज | डौंडी

शासकीय कंगला मांझी कॉलेज डौंडी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का समापन सल्हाईटोला में हुआ।

मुख्य अतिथि सरपंच जागेन्द्र पाल गौर ने कहा कि सात दिवस शिविर में बच्चों ने हमारे ग्राम सल्हाईटोला में गलियों, सड़को, नालियों, स्कूल मैदान, कलामंच, तालाब व राम मंदिर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। अब स्वच्छता कार्य को आगे ले जाना ग्रामवासियों की जिम्मेदारी है। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. यूके मिश्र ने कहा कि छात्र-छात्राएं सात दिवस घर से बाहर रहकर जो समाज को जागरूकता कर रहे निश्चित ही सराहनीय के पात्र है। वे निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं।



डौंडी. समापन पर एनएसएस के छात्रों को प्रमाण पत्र देते हुए।

## बौद्धिक परिचर्चा हुई

पंच होरीलाल गौर ने कहा कि शिविर के बच्चों ने प्रभातफेरी, जन संपर्क, बौद्धिक परिचर्चा व सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए ग्रामीणों को जागरूक किया है। उच्च श्रेणी शिक्षक परमानंद मिश्र ने कहा कि शिविर में आए छात्र-छात्राओं ने ना केवल ग्रामीणों को जागरूक किए, बल्कि स्वयं के व्यक्तित्व का विकास भी किए। विशेष अतिथि पंच होरीलाल गौर, शिक्षक परमानंद मिश्र, जेके गौर, मृणाल सोरी, विकास ठाकुर, आशा रानी थे।

## तवेरा में गुरु घासीदास

18/12/18

# सल्हाईटोला में रासेया का सात दिवसीय शिविर शुरू

डौंडी|शासकीय कंगला मांझी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर शनिवार को सल्हाईटोला में शुरू हुआ। स्वच्छता के लिए युवा थीम पर आधारित शिविर का उद्घाटन जनपद सदस्य राजेश्वरी पुरेन्द्र ने किया। अध्यक्षता कॉलेज के प्रोफेसर एनके साकरे ने की। विशेष अतिथि सरपंच जागेन्द्र पाल गौर, ग्राम पटेल शंभूराम गौर, पंच होरीलाल गौर थे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि जिस उद्देश्य के लिए बच्चे शिविर में आए है वे सभी उद्देश्य की पूर्ति करें। ग्रामवासियों से कहा कि इन बच्चों का सात दिन तक अपने बच्चे की तरह ख्याल रखेंगे। सरपंच गौर ने अपने गांव में शिविरार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि जिस मंशा को लेकर यह शिविर लगाया गया है। उसकी सफलता के लिए गांव के लोग सहयोग करेंगे। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य साकरे ने शिविरार्थियों को अनुशासन में रहकर कार्य करने कहा। इस मौके पर प्राध्यापक राधेश्वरी देशमुख, योगेश्वर साहू, दीपक मेश्राम उपस्थित थे।

19/12/18

## कार्यकर्ताओं की मेहनत से तीनों सीटों पर जीत मिली

बालोद|जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की जीत पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा दुबे ने कहा है कि सभी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस उम्मीदवारों को जिताने के लिए काम किया है। गुंडरदेही से कुंवर सिंह निषाद ने प्रदेश में रिकॉर्ड बनाते हुए जिले में सबसे ज्यादा वोटों से विजयी हुए है। वे ज्यादा मतों से जीत के मामले में प्रदेश में टॉप 5 पर रहे। महामंत्री विपिन दीवान ने सभी वर्गों से समर्थन को सराहा है।

# कंगला मांझी कॉलेज के रासेयो का शिविर आज से सल्हाईटोला गांव में, स्वच्छता का देंगे संदेश

भास्कर न्यूज | डौंडी

शासकीय कंगला मांझी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष स्वच्छता के लिए युवा विषय पर शिविर ग्राम सल्हाईटोला के कलामंच भवन व प्राथमिक शाला भवन में 15 दिसंबर से लगाया गया। उद्घाटन जनपद सदस्य राजेश्वरी पुरेन्द्र करेंगी। अध्यक्षता प्रोफेसर एनके साकरे करेंगे। विशेष अतिथि सरपंच जागेन्द्र पाल गौर, ग्राम पटेल शंभू दयाल गौर, पंच होरीलाल गौर, प्रधान पाठक जेके गौर, शिक्षक बी कोमरा रहेंगे। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार कोमा ने बताया कि शिविर में 24 छात्र व 27 छात्रा 7 दिनों तक गांव में रहकर लोगों को स्वच्छता का संदेश देंगे। हर रोज सुबह प्रभातफेरी निकालेंगे। इसके बाद परियोजना कार्य सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक टोली बनाकर सफाई का कार्य करेंगे। दोपहर 2 से 3 बजे तक प्रत्येक दिन बौद्धिक परिचर्चा होगी। जिसमें कृषि विभाग, वन विभाग, स्वास्थ विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं समाजसेवी शामिल होंगे।

20/12/18

# सल्हाईटोला में लगाया शिविर, नुक्कड़ नाटक के जरिए कर रहे हैं जागरूक



डौंडी|शासकीय कंगला मांझी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय शिविर ग्राम सल्हाईटोला में चल रहा है। शिविरार्थी प्रत्येक दिन सुबह 5 से 6 बजे प्रभातफेरी निकालते हैं। सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक परियोजना कार्य में कलामंच, स्कूल मैदान, गांव की गलियों, नालियों, राम मंदिर परिसर एवं तालाब की सफाई कर रहे हैं। रात में गीत-नृत्य व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं। गुरुवार को बौद्धिक परिचर्चा में जिला संगठक डॉ. लीना साहू, प्राचार्य डॉ. यूके मिश्र, कृषि विस्तार अधिकारी चेतन कुमार भुआर्य उपस्थित हुए। लीना साहू ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण कर सकते हैं। कृषि अधिकारी भुआर्य ने कृषि विभाग के विभिन्न योजनाओं जैसे किसान समृद्धि योजना, शाकंभरी योजना, कृषि सिंचाई योजना व फसल बीमा के बारे में बताया।

पत्रिका 16/11/18 (बालदिवस मनाया) N.S.S

ग्राम खैरवाही में रासेयो का आयोजन

# बच्चों ने प्रश्नोत्तरी, बौद्धिक व खेलकूद में दी भागीदारी



आयोजन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, स्वयं सेवक एवं शाला परिवार।

**दल्लीराजहरा @ पत्रिका.** शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय डौण्डी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र-छात्राओं ने गोद ग्राम खैरवाही स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं के साथ बाल दिवस मनाया। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं खेलकूद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वीके कोमा की अगुवाई में स्वयं सेवकों ने पंडित जवाहरलाल को पुष्पांजलि अर्पित की। अधिकारी कोमा ने कहा नेहरू को बच्चों के प्रति विशेष स्नेह था।

इस दौरान बच्चों के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए प्रश्नोत्तरी व खेलकूद रखा गया। प्रथम द्वितीय को पुरस्कृत किया गया। उसके बाद मतदाता जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान वचन की शपथ दिलाई। रैली निकाल कर लोगों को मताधिकार में निष्पक्ष मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के साथ एस खोब्रागड़े, डी निषाद व एम संतोषी सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अंकित सिन्हा, बलराम राजपूत, खोमनलाल आदि कीसक्रियता रही।

नई दुनिया 12/08/17

# राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली

**डौंण्डी। नईदुनिया न्यूज**

शासकीय कंगला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा गोद ग्राम खैरवाही में स्वाच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 1एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कॉलेज से खैरवाही तक स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली गई।

राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के छात्रों ने खैरवाही की गलियों, पारा, मोहल्लो, नालियो, हैंडपंप के आस-पास को सफाई कर स्वच्छता जागरूक का संदेश गांव के लोगों को दिया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य शिवगिरी चुरेन्द्र ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्वच्छता जागरुकता का जो संदेश ग्रामीणों को दिया है उसे वे लोग कभी नहीं भूल पाएंगे।

गांव में त्योहार जैसा महौल बना हुआ है। कार्यक्रम अधिकारी वीएस कोमा ने कहा कि यह शिविर वास्तव में ग्रामवासियों को जागरूक तो किए हैं साथ ही सबसे ज्यादा लाभ छात्रों को मिला है।

जो छात्र इस अभियान में भागीदार बने उनका भी व्यक्तिविकास हो रहा है। कार्यक्रम के अंत में गांव के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के स्टॉफ एंव छात्र छात्राओं ने एनएनएस के छात्रों के साथ मिलकर स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली। छात्र-छात्राओं ने बताया कि शिविर के दौरान विभिन्न रचनात्मक कार्य किए जाएंगे। विभिन्न योजनाओं के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने कई आयोजन किए जाएंगे।



डौंडी कॉलेज के रासेयो छात्रों ने ग्राम खैरवाही में स्वच्छता पखवाड़े के तहत रैली निकाली। फोटो : नईदुनिया

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत खैरवाही में शिविर

दैनिक भास्कर 15/08/17

नवभारत 6/09/2017

रूपए लागत से बालोद में पोस्ट ... उसेंडी सहित अन्य उपस्थित होंगे.

# रासेयो का स्वयं सेवक उन्मुखीकरण कार्यक्रम

6Sep17
नवभारत



**गुण्डरदेही.** शाउमावि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम में जिला संगठक कंगला मांझी महाविद्यालय डौण्डी के प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्र ने मिलजुल कर कार्य करते हुए अपने मुख्य लक्ष्य पढ़ाई हेतु जागरूक किया. उन्होंने रासेयो की गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए वृक्षारोपण एवं स्वच्छता पखवाड़ा की जानकारी लेते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं को पूरा करने हेतु स्वयंसेवकों को प्रेरित किया. कार्यक्रम अधिकारी केएस कुल्हारे ने रासेयो के गतिविधियों की जानकारी दी. संस्था प्राचार्य डीएल जोशी ने छात्र-छात्राओं को अनुशासित होकर विद्या अध्ययन करने हेतु शुभकामनांए दी. आभार प्रदर्शन सहायक अधिकारी सीएल बंजारे ने किया. उक्त कार्यक्रम में दल नायक रूस्तम, कु प्रियंका, कु भावना, चेतन पटेल, कु यामिनी ने भी अपने विचार दिए.

दैनिक भास्कर 11/08/17

दैनिक भास्कर 11/08/17

# स्वच्छता को लेकर स्वयंसेवकों ने गोद ग्राम खैरवाही में निकाली रैली

## गलियों, नालियों व हैंडपंप के आसपास सफाई अभियान भी चलाया



डौंडी. शासकीय कंगला मांझी कालेज के विद्यार्थियों ने ग्राम खैरवाही में निकाली स्वच्छता रैली।

**भास्कर न्यूज़|डौंडी**

शासकीय कंगला मांझी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने गोद ग्राम खैरवाही में स्वच्छता पखवाडा के अंर्तगत गुरुवार को शिविर लगाया। राष्ट्रीय स्वयं सेवकों द्वारा सर्वप्रथम कालेज से खैरवाही तक स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली गई। उसके बाद खैरवाही के गलियो, पारा, मोहल्लों, नालियों, हैंडपंप, के आस-पास को सफाई कर स्वच्छता जागरूक का संदेश गांव के लोगो को दिया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य शिवगिरी चुरेन्द्र ने कहा कि कालेज के छात्र-छात्राओ ने स्वच्छता जागरूकता का जो संदेश ग्रामीणो को दिए है उसे वें लोग कभीं नही भुल पाएगे।

गांव में त्योहार जैसा महौल बना हुआ है। कार्यक्रम अधिकारी व्हीएस कोमा ने कहा कि यह शिविर वास्तव में ग्रामीणों को जागरूक तो किए है साथ ही सबसे ज्यादा लाभ छात्रों को मिला है। जो छात्र इस अभियान में भागीदार बने उनका भी व्यक्तित्व विकास हो रहा है। कार्यक्रम के अंत में गांव के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के स्टाफ व छात्र-छात्राओ ने एनएनएस के छात्रो के साथ मिलकर स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली।

# ग्रामसभा में कैसे बोले, प्रश्न कैसा करें, इस संबंध में महिला पंचों दिया प्रशिक्षण

**भास्कर न्यूज़|डौंडी**

ग्राम पंचायतों के महिला जनप्रतिनिधियों का चरणबद्ध प्रशिक्षण जनपद सभाकक्ष में चल रहा है। पहले चरण में मंगलवार और बुधवार को कुसुमकसा कलस्टर के पंचों को ट्रेनिंग दी गई। डौंडी ब्लॉक के विभिन्न गांवों से आई महिला पंचों को मास्टर ट्रेनर डोमेश्वरी महमल्ला ने पंचायत राज अधिनियम के तहत ग्राम सभा क्या है।

ग्राम सभा में लोग क्यों नहीं बोलते, पंचायत का नियम क्या-क्या होता है। ग्राम सभा और ग्राम पंचायत में अंतर, ग्राम सभा में बोलने से लाभ, ग्राम सभा में कैसे बोले, प्रश्न कैसा हो, प्रशिक्षण क्या है और क्यों दिया जा रहा है।

आदर्श ग्राम पंचायत बनाने के लिए क्या करना चाहिए, इस विषय पर जानकारी दी गई। इसमें राजबत्ती चुरेन्द्र, पिलिया गावडे, लता अमिला, कविता रामटेके, सेवती भुरकुरिंया, पूर्णिमा कौर सहित महिला पंच शामिल हुए। 11 अगस्त को साल्हे कलस्टर, 16 और 17 अगस्त को कांडे, 18 और 19 अगस्त को घोटिया कलस्टर की महिला पंचों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

रायपुर, शुक्रवार 11 नवंबर, 2016

दैनिक-भास्कर

## एनएसएस का लाभ समाज को सेवा के रूप में मिलना चाहिएः चुरेन्द्र

11/11/16 भास्कर न्यूज|डौंडी

शासकीय कंगला मांझी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शिविर कार्यक्रम अधिकारी व्हीके कोमा के नेतृत्व में कालेज के गोद ग्राम खैरवाही में हुआ। शिविर स्वच्छ भारत, निर्मल भारत की थीम पर आधारित था। जिसमें कॉलेज के 55 राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने शिविरार्थियों के रूप में भाग लिया।

खैरवाही की गलियों में स्वयं सेवकों ने स्वच्छता जागरूकता से संबंधित जन जामरूक प्रेरक नारे के माध्यम से संदेश दिए। स्वयं सेवक दो समूह में बांटकर अलग-अलग दिशाओं पर परियोजना कार्य के लिए भेजा गया। स्वयं सेवकों ने गांव की गलियों, सड़कों, हैंण्डपंपों के आस-पास साफ-सफाई की अंत में स्कूल खेल मैदान पर समतलीकरण का कार्य करते हुए परियोजना कार्य का समापन किया।मुख्य अतिथि जनपद सदस्य शिवगीरी चुरेन्द्र थे। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य उमाकांत मिश्र ने कहा कि रासेयो से जुड़े छात्र- छात्राओं की-एक अलग छवि होता है। वे हमेशा उर्जावान एवं उत्साहित होकर कार्य करते है।

कार्यक्रम अधिकारी कोमा ने कहा कि रासेयो छात्रों को संगठित होकर एकजुटता से कार्य करना सिखाता है। चुरेन्द्र ने कहा कि रासेयो समाज के निर्माण में भूमिका निभा रही है।

---

दैनिक भास्कर

## छात्रों ने किया श्रमदान

N.S.S. खैरवाही

**डौडी.** शासकीय कंगला मांझी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शिविर कार्यक्रम अधिकारी व्हीके कोमा के नेतृत्व में कालेज के गोद ग्राम खैरवाही में हुआ. शिविर स्वच्छ भारत, निर्मल भारत की थीम पर आधारित था. जिसमें कालेज के 55 राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने शिविरार्थियों के रूप में भाग लिया. खैरवाही की गलियों में स्वयं सेवकों ने स्वच्छता जागरूकता से संबंधित जन जागरूक प्रेरक नारे के माध्यम से संदेश दिए. स्वयं सेवक दो समूह में बांटकर अलग- अलग दिशाओं पर परियोजना कार्य के लिए भेजा गया. स्वयं सेवकों ने गांव की गलियों, सड़कों, हैण्डपंपों के आस-पास साफ-सफाई की. खेल मैदान पर समतलीकरण का कार्य का समापन किया. मुख्य अतिथि जनपद सदस्य शिवगिरी चुरेन्द्र थे. प्राचार्य उमाकांत मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय सेवों से जुड़े छात्र-छात्राओं की एक अलग छवि होती है.

---

दैनिक भास्कर 23/11/16



## ग्रामीणों को कैंसर और एड्स के लक्षण व बचाव की दी जानकारी

### गांव भर्रीटोला में रासेयो छात्रों ने लगाया है शिविर

भास्कर न्यूज|डौंडी

**शिविर में कॉलेज के 50 छात्र-छात्राएं ले रहे भाग**

शासकीय कंगला मांझी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय शिविर गांव भर्रीटोला में चल रहा है। जिसमें छात्र प्रतिदिन परियोजना कार्य के अंतर्गत गांव के गली, सड़क, तालाब तथा हैण्डपंप के आस-पास सफाई कर स्वच्छता का संदेश ग्रामीणों को दे रहे हैं। रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी व्हीके कोमा ने बताया कि बौद्धिक परिचर्चा में 18 नवंबर को महिला एवं बाल विकास विभाग डौंडी के पर्यवेक्षक धनेश्वरी जोशी ने नवजात शिशु, गर्भवती महिलाओं के पोषण आहार एवं कुपोषण से बचने के उपाय बताए।

नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, बिहान योजना, आदर्श विवाह योजना की जानकारी दी। 19 नवंबर को स्वास्थ्य विभाग डौंडी के एसपी जयसवाल व केएल कुरपाल बीईई द्वारा कुष्ठ रोग, कैंसर एवं एड्स रोग के लक्षण एवं बचाव के उपाय बताए। परिचर्चा के दौरान राज्य संपर्क अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. समरेन सिंह, दुर्ग विश्वविद्यायल के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.आरपी अग्रवाल, संगठक एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ.उमाकांत मिश्र भी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान तीनों अधिकारी

परिचर्चा में प्राचार्य मिश्र ने कहा कि शिविर में छात्र- छात्राओं गांव की साफ- सफाई कर स्वच्छता का संदेश दे रहे है। वही बौद्धिक परिचर्चा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपने अस्तित्व का विकास कर रहे है। रामनारायण धनकर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज निर्माण में जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। कार्यक्रम में कालेज के प्राध्यापक डॉ. गिरिजा पटैला, डॉ. चारूलता फिलीप, पुजा जैन, पुर्णिमा रावटे, एमके डहरवाल, बसंत तथा भारत वाहिनी, महिला कंमाडो के सदस्य का सहयोग मिल रहा है। विभिन्न गांव से आए हुए डौंडी कालेज के 50 छात्र-छात्राएं प्रभातफेरी व्यायाम, परियोजना कार्य बौद्धिक परिचर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम से ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। छात्र प्रतिनिधि हेमन्त, नंदनी धनकर, चुरेन्द्र कुमार सहित सभी छात्रों का योगदान मिल रहा है।

द्वारा शिविर की विभिन्न गतिविधियों की समयबद्ध संचालन के लिए कार्यक्रम अधिकारी एवं शिविरार्थियों की प्रशंसा की। शिविर में सहयोग प्रदान करने वाले सरपंच मानसिंह भुआर्य, ग्रामीण राजेश रावटे सहित समस्त ग्रामीणों को धन्यवाद दिया।

**रंगोली प्रतियोगिता में सुमन यादव को पहला स्थान**

---

## डौंडी कॉलेज रासेयो का विशेष शिविर आज से

पत्रिका 17/11/16 (भर्रीटोला) N.S.S.

**डौंडी @ पत्रिका**. शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भर्रीटोला के में 17 से 23 नवंबर तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वस्थ भारत के लिए स्वस्थ युवा पर आधारित शिविर का उद्घाटन कलक्टर राजेश सिंह राणा, शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ. यू के मिश्र, ग्राम भर्रीटोला सरपंच मानसिंग भूआर्य, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग रेवा रावटे की उपस्थिति में होगा।

भावेश कुमार, काहगाटाला स्कूल के छत्रपाल टेकाम, टिनु देवांगन ओमेश्वरी साहू, मिडिल स्कूल छगन साहू, मुकुंद साहू, प्रेमचंद साहू, ... साहू जगन्नाथ मंडावी, ठाकुरराम ने रवाना किया। ... भी संबोधित किया तीन दिवसीय

25/11/16 दैनिक भास्कर

# भर्रीटोला में सात दिन सफाई के बाद ली शपथ

## शिविर में 50 विद्यार्थी हुए शामिल

भास्कर न्यूज़|डौंडी

शासकीय कंगला मांझी कालेज के तत्वावधान में ग्राम भर्रीटोला में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का यह शिविर निश्चित ही भर्रीटोला वासियों के लिए जनजागरुकता का संदेश दिया है।

चाहे वह प्रभातफेरी में नारे के माध्यम से हो या परियोजना कार्य में साफ सफाई से या फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से निश्चित ही एक संदेश दे कर जा रहे है। जिला पंचायत सदस्य अनिता कुमेटी ने कहा कि ये छात्र



डौंडी. शिविर के समापन पर शपथ लेते छात्र।

छात्राएं हमारे देश के भविष्य निर्माता है। हम जितना इन लोगों का सहयोग करेगें उतना ही ये लोग समाज व देश के लिए रचनात्मक कार्य कर मान बढ़ायेंगे। कालेज के प्रभारी प्राचार्य यू के मिश्र ने कहा कि समाज के विकास में रासेयो की महत्वपूर्ण भूमिका है और रासेयो में युवाओं का भी भूमिका रहती है।

कार्यक्रम अधिकारी यूके कोमा ने सात दिवसीय शिविर की संक्षिप्त जानकारी देते हुए कहा कि 17 से 23 नवबर तकएनएसएस के 50 शिविरार्थी छात्र- छात्राएं सात दिनों से लगातार गांव में रहकर साफ-सफाई कर स्वच्छता जागरूकता का संदेश के साथ ही गांव वालों के संपर्क में रहकर अपने व्यक्तित्व का विकास भी कर रहे थे। समापन पर रासेयो के शिविरार्थियों ने स्वच्छता के संबंध में नाटक का मंचन कर लोगों को स्वच्छता बनाऐ रखने का संदेश दिया। मौके पर रेवा रावटे, जनपद सदस्य पुनित राम सेन, सरपंच मानसिंह भुआर्य, केआर देवदास, राजेश रावटे, नीरा राणा, डॉ. गिरिजा पटेला मौजूद थे।

ना प्रशासन की ओर से तैयार हो रही कार्ययोजना, कलेक्टर ने क्रेडा व कृषि विभाग के अफसरों को आदेश दिए

---

26/11/016 नवभारत

## निधन

### जोहतरीन बाई साहू

डौंडी. ग्राम बिरेतरा धमतरी निवासी



जोहतरिन बाई साहू (80) का निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया. वे पत्रकार तेजराम साहू की बड़ी मां थी. वे कुछ दिनों से बीमार थी. अंतिम संस्कार में ग्रामीणजन काफी संख्या में शामिल हुए.

### पंडित अनिल दीक्षित महाराज

डौंडी. जवाहर पारा निवासी पंडित अनिल दीक्षित महाराज (45) का निधन हो गया है. वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे.. उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए.

# छात्रों ने शिविर को बताया शिक्षाप्रद व उपयोगी

■ हमारे प्रतिनिधि। डौंडी.

**समीक्षा**

■ शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यों की समीक्षा

शासकीय कंगला मांझी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में कालेज के प्राचार्य डॉ. यूके मिश्र एवं कार्यक्रम अधिकारी व्ही. के कोमा तथा राजनीति के प्राध्यापक मुकेश डहरवाल की उपस्थिति में संबंधित समीक्षा प्रस्तुत की गई. छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने अनुभव में शिविर को शिक्षाप्रद और उपयोगी बताया. माता-पिता से पहली बार 7 दिनों के लिए दूर रहने पर घर की याद तो आई परन्तु कार्यक्रम अधिकारी, ग्रामवासी और सहपाठियों के सामूहिक प्रेम व्यवहार से वे सात दिनों तक ग्राम सेवा में लगे रहें.

प्राचार्य ने कहा कि शिविर की उपयोगिता बतलाइ साथ ही इसे उपयोगी शिक्षा के रूप में निरूपित किया. डहरवाल ने छात्रों को ऊर्जा के साथ किसी भी कार्य को कराने का संदेश दिया. कार्यक्रम अधिकारी कोमा ने सात दिवसीय शिविर में उद्बोधन सत्र में सम्मिलित कलेक्टर राजेश सिंह राणा, तृतीय दिवस में निरीक्षण के लिए ग्राम भर्रीटोला में राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. समेन्द्र सिंह, दुर्ग विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक आरपी अग्रवाल का सहयोग रहा.